कार्यालय प्राचार्य

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

फोन नं./फैक्स नं. 0788-2359688, स्वशासी प्रकोष्ठ फोन नं.-0788-2212030

वेबसाइट : www.govtsciencecollegedurg.ac.in

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय)

दुर्ग / Durg / दिनांक / Date : 27.08.2022

सूचना

शासकीय विश्वनाथ यादव स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग द्वारा स्नातक स्तर की पूरक परीक्षा का आयोजन 10 से 12 सितंबर 2022 तक किया जावेगा। पूरक की यह परीक्षाएं **ऑनलाइन ब्लैण्डेड मोड** पद्धति से आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड किए गये प्रश्नपत्र को परीक्षार्थी हल करके उसी दिन (जिस दिन प्रश्नपत्र अपलोड होगा) हल करके दोपहर 02:00 से 05:00 बजे के मध्य स्वशासी परीक्षा भवन में उत्तरपुस्तिका स्वयं जमा करनी होगी।

- परीक्षा की निर्धारित तिथि में प्रश्नपत्र सुबह 8:00 बजे से महाविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया जाएगा।
- परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र स्वशासी परीक्षा भवन में दिनांक 05 एवं 06 सितंबर 2022 को प्रातः 11:00 से 2:00 के मध्य प्राप्त कर सकेंगे।
- स्वशासी परीक्षा भवन से परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र एवं आई कार्ड दिखाकर दिनांक 08 एवं 09 सितंबर 2022 को 11:00 से 2:00 के मध्य उत्तरपुस्तिका एक साथ प्राप्त कर लें।
- महाविद्यालय से प्राप्त उत्तरपुस्तिका में ही उत्तर लिखकर जमा करना अनिवार्य होगा। मुख्य उत्तरपुस्तिका भर जाने पर परीक्षार्थी अपनी ओर से ए–4 साईज पेपर का उपयोग पूरक उत्तरपुस्तिका के रूप में कर सकेंगे।
- निर्धारित तिथि/समय उपरांत संबंधित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जायेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।

प्राचार्य
शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

PRINCIPAL
GOVT. V.Y.T. P.G. AUTO COLLEGE
DURG (C.G.)